12

आवश्यक/ई–मेल/फैक्स

उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय इलाहाबाद–1

संख्याःदो–(सम्पूर्ति)वर्दी निर्देश–2017, दिनांकःमई 28, 2018

सेवा में,

समस्त विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष
पुलिस विभाग,उत्तर प्रदेश।

विषयः– उत्तर प्रदेश महिला पुलिस कर्मियों (अराजपत्रित श्रेणी) की वर्दी निर्धारण किये जाने के सम्बन्ध में।

उपर्युक्त विषयक कृपया शासनादेश संख्याः5/2018/1745/6–पु–1–18–274/2017 दिनांकः 16–5–18 (छायाप्रति संलग्न) का अवलोकन करने का कष्ट करे, जिसके द्वारा शासन ने उ0प्र0 महिला पुलिस कर्मियों (अराजपत्रित श्रेणी) की वर्दी में उनकी सुविधा के दृष्टिगत निम्नवत् परिमार्जित वर्दी संलग्न नमूना के अनुसार निर्धारित की गयी है :–

(1) महिला पुलिस कर्मियों के द्वारा धारण की जाने वाली वर्दी की पैण्ट प्रचलित यूनीफार्म के मानक के अनुरूप ही यथावत होगी तथा नाभि के पास से पहनी जायेगी ।

(2) वर्दी की शर्ट ट्यूनिक की भांति धारण की जायेगी। शर्ट सामान्यतःसावधान की मुद्रा में दोनों हाथ जहां तक जाते है, वहां तक शर्ट की लम्बाई होगी।

(3) ग्रीष्मकालीन ऋतु में वर्दी की खाकी शर्ट हाफ बाजू की एवं शीतकालीन ऋतु में अंगोला की शर्ट फुल बाजू की शर्ट धारण की जायेगी।

(4) वर्दी की शर्ट का कालर ट्यूनिक की भांति डबल कालर के रूप में होगा।

(5) शर्ट में कुल चार जेब ट्यूनिक की भांति बनाये जायेंगे ।

(6) शर्ट की साइड में व पीछे दो–दो लूप कुल चार लूप (प्लेन) बेल्ट के लिए लगाये जायेंगे।उ0प्र0पुलिस की बकल के साथ कपड़े की बेल्ट अथवा नेवाड की बेल्ट धारण की जायेगी ।

(7) वर्दी की शेष सामग्री यथावत रहेगी ।

2– अतएव अनुरोध है कि कृपया उक्त शासकीय निर्णय के अनुपालन में अधीनस्थ **समस्त उ0प्र0 महिला पुलिस कर्मियों (अराजपत्रित श्रेणी) के** उक्त प्रस्तर 1 में अंकित मानक के अनुरूप वर्दी **धारण** करने हेतु 02 माह के अन्दर अनुपालन सुनिश्चित किये

जाने हेतु संबंधित कर्मियों को निर्देशित करने का कष्ट करें, उक्त वर्दी पोषाक का मानक (नाप–तौल) तथा स्कैच ग्राफ की छायाप्रति संलग्न है। प्रश्नगत वर्दी **का क्रय** सम्बन्धित उ0प्र0 महिला पुलिस कर्मी द्वारा किया जायेगा ,जिसकी प्रतिपूर्ति **शासनादेश संख्याः 13/2016/1450/6– पु–1–16–151/2009** टीसी–। दिनांक–03–08–2016 में निहित व्यवस्था के अनुसार कतिपय वर्दी वस्तुओं के क्रयार्थ महिला निरीक्षक/उ0नि0 को प्रत्येक 05 वर्ष पर देय वर्दी भत्ता रू0 7,500/–एवं महिला हेड कान्स0/कान्स0 को देय वार्षिक प्रतिपूर्ति धनराशि रू0 2250/–के अन्तर्गत की जायेगा ।

संलग्नक– यथोपरि ।

(बी0पी0 जोगदण्ड)
अपर पुलिस महानिदेशक–मुख्यालय
उत्तर प्रदेश।

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1–गोपनीय सहायक, अपर पुलिस महानिदेशक, मुख्यालय, इलाहाबाद।
2–गोपनीय सहायक, अपर पुलिस महानिदेशक, भवन/कल्याण, इलाहाबाद।
3–गोपनीय सहायक, पुलिस महानिरीक्षक, प्रो0/बजट,इलाहाबाद ।
4–गोपनीय सहायक वित्त नियंत्रक/मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी, इलाहाबाद।
5–गोपनीय सहायक पुलिस उपमहानिरीक्षक, स्थापना, इलाहाबाद।
6–गोपनीय सहायक पुलिस अधीक्षक, मुख्यालय/भवन कल्याण/कार्मिक, इला0
7–सेनानायक 11 वीं0 वाहिनी पीएसी/केन्द्रीय भण्डार, सीतापुर ।
8–अपर पुलिस अधीक्षक, मुख्यालय/भवन कल्याण/बजट/कार्मिक, इला0।
9–अपर पुलिस अधीक्षक, केन्द्रीय वस्त्र भण्डार, कानपुर ।
10–पुलिसउपाधीक्षक,मुख्यालय/भवन/कल्याण/बजट/कार्मिक,लीगलसेल,इला0
11–प्रभारी कन्ट्रोल रूप, पुलिस मुख्यालय, इलाहाबाद ।
12–समस्त अनुभाग अधिकारी, पुलिस मुख्यालय, इलाहाबाद ।

उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो मुख्यालय, महानगर लखनऊ – 226006

पत्रांकः–जीसी–1/2017 दिनांकः जून 2018

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं तदनुसार अनुपालन हेतु प्रेषितः–

1– समस्त उप महानिरीक्षक(पुलिस दूरसंचार) उ0प्र0 पुलिस रेडियो मुख्यालय,लखनऊ ।
2– समस्त राज्य रेडियो अधिकारी,/अपर राज्य रेडियो अधिकारी, उ0प्र0।
3– समस्त सहायक रेडियो अधिकारी, उ0प्र0।
4– समस्त शाखा प्रभारी,उ0प्र0 पुलिस रेडियो मुख्यालय,महानगर–लखनऊ।
5–गोपनीय सहायक, पुलिस महानिदेशक,दूरसंचार उ0प्र0 लखनऊ।
6– गोपनीय सहायक, पुलिस महानिरीक्षक/निदेशक,दूरसंचार उ0प्र0 लखनऊ।
7– प्रधान लिपिक,कार्यालय अधीक्षक शाखा को एक प्रति गार्ड पत्रावली पर रखवाने हेतु।
8- समस्त रेडियो निरीक्षक, उ0प्र0 ।

5/6/18

सहायक रेडियो अधिकारी(प्रशासन)
उ0प्र0 पुलिस रेडियो मुख्यालय,
महानगर–लखनऊ।

Medium Size Women Police Dress

All Size are in Inches

Medium Size Women
Hight 5'.2"



All Size are in Inches